(3)

प्रपत्र - 01

# प्रतिवेदन

## परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण

**परियोजना का नाम :–** जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र कालाढुँगी के अन्तर्गत कोटाबाग क्षेत्र (गजारी) पाण्डेगॉव से गोलज्यू मन्दिर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। (प्रथम चरण)

जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र कालाढुँगी के अन्तर्गत कोटाबाग क्षेत्र (गजारी) पाण्डेगॉव में गोलज्यू मन्दिर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य की स्वीकृति शासनादेश संख्या 1870 (1)/ ।।। (2)/16–69 (प्रा0आ0)/2015 दिनांक 07.06.2016 द्वारा 0.500 किमी0 लम्बाई हेतु ₹ 0.50 लाख की प्राप्त हुयी है। प्रस्तावित कार्य की वन पंचायत भूमि में वास्तविक लम्बाई 400 मी0 है। यह मार्ग कोटाबाग क्षेत्र (गजारी) पाण्डेगॉव से गोलज्यू मन्दिर को आपस में जोडने वाला मार्ग है। उक्त कार्य का संरेखण इस प्रकार तय किया गया है कि कम से कम भूमि प्रभावित हो।

उक्त कार्य में वन पंचायत भूमि व नाप भूमि पड़ती है। मार्ग निर्माण हेतु 400 मी0 लम्बाई व 9.00 मी0 चौडाई में वन पंचायत भूमि एवं 100 मी0 लम्बाई व 9.00 मी0 चौडाई में नाप भूमि में मार्ग का संरेखण किया गया है। मार्ग का संरेखण इस प्रकार तय किया गया है कि कम से कम वन भूमि प्रभावित हो सके। संरेखण नं0 2 में अधिक वृक्ष प्रभावित होने के कारण निरस्त किया गया है तथा संरेखण नं0 1 में कोई भी वृक्ष प्रभावित न होने के कारण तथा भू–गर्भीय दृष्टि से उपयुक्त होने के कारण उपयुक्त माना गया है तथा ग्राम कोटाबाग क्षेत्र (गजारी) पाण्डेगॉव से गोलज्यू मन्दिर के निवासियों के आवागमन की सुविधा प्रदान होगी तथा यह एक प्रस्तावित मार्ग है। मार्ग के संरेखण में कोई मन्दिर, मस्जिद, कब्रिस्तान आदि धार्मिक स्थान नहीं पडते है। मार्ग का भू–गर्भीय निरीक्षण भू–वैज्ञानिक द्वारा कराया गया है (आख्या पृष्ठ 53-56 पर संलग्न है)। भू–वैज्ञानिक द्वारा प्रस्तावित संरेखण को उपयुक्त बताया गया है तथा इस संरेखण में कोई भी वृक्ष प्रभावित नहीं हो रहा है।

अतः प्रश्नगत मार्ग जिसमें वन पंचायत भूमि 0.360 है0 का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण करने की कृपा करें।

| | |
|---|---|
| सहायक अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0<br>रामनगर (नैनीताल) | अधिशासी अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0<br>रामनगर (नैनीताल) |